३—नो इहलोगट्ठयाए तवमहिट्ठिज्जा, नो परलोगट्ठयाए तव महिट्ठिज्जा, नो कित्तिवण्ण सद्दसिलोगट्ठयाए तवमहिट्ठिज्जा, नन्नत्थ निज्जरट्ठयाए तव मिहिट्ठिज्जा (द० अ० ९ उ० ४

कुछ शैथिल्य अवश्य आगया है किन्तु नारी के कदम आज भी ज्यों के त्यों आगे हैं।

वर्तमान समय में हमारी नारी जाति में विभिन्न प्रकार के (अठाई, मास खमण, वर्षी तप, चन्दन बाला का तेला, सुख तेला, रस तेला, प्रदेशी राजा के बेले आदि) तप किये जाते हैं किन्तु आज तप का रूप बड़ा विकृत हो गया है। तप में कर्मनिर्जरा के प्रति जो एकान्त उत्साह व आनन्द होना चाहिए, वह आज अनेक रूढ़ियों, प्रलोभनों व प्रदर्शनों में ही रह गया है। हम सामान्यतः व्यवहार में अपनी बहिनों की दृष्टि डालकर देखते हैं तो तप के मूल में विशेष प्रलोभन प्रवृत्ति बढ़ती प्रतीत होती है। किसी बहिन को तपश्चरण के प्रति आकर्षित किया जाय तो कभी-कभी वह ऐसा कहती हुई मालूम होती है कि—

"महाराज मुझे अठाई अवश्य करना है, किन्तु पहली बार ही कर रही हूं। इसलिए सास-ससुर, माता पितादि कहते हैं कि इस समय हमारी स्थिति ठीक नहीं है। अभी हमने और-और खर्च भी निकाले हैं। अभी हमने कई प्रसंगों पर विपुल मात्रा में व्यय किया है। अतः इस साल नहीं, अगले साल कर लेना।

प्रलोभन की ये बातें सुनकर बहिनों का मन पिघल जाता है, और वे सोचने लगती हैं, वास्तव में ये लोग ठीक ही कहते हैं। इस परिस्थिति में तप करने से न तो पूरा लाड प्यार ही मिलेगा और न पीहर से ही सुन्दर वस्त्राभूषण आवेंगे, न मधुर गाजे-बाजे ही बजेंगे और न अनेक प्रकार (नारियल, लड्डू, पतासा आदि) की प्रभावना ही दी जावेगी। समाज ठीक ढंग से जान भी नहीं पावेगा कि अमुक घर में तपस्या हुई है।

तप कर्म करते समय जहां हमारी यह पवित्र भावना होनी चाहिए कि आरम्भ परिग्रह कैसे कम हो, वहां आज तप के नाम पर असीम आरम्भ परिग्रह बढ़ाये जा रहे हैं। तप के नाम पर प्रीतिभोज

कुछ शैथिल्य अवश्य आगया है किन्तु नारी के कदम आज भी ज्यों के त्यों आगे हैं।

वर्तमान समय में हमारी नारी जाति में विभिन्न प्रकार के (अठाई, मास खमण वर्षी तप, चन्दन बाला का तेला, सुख तेला, रत्न तेला, प्रदेशी राजा के बेले आदि) तप किये जाते हैं किन्तु आज तप का रूप बड़ा विकृत हो गया है। तप में कर्मनिर्जरा के प्रति जो एकान्त उत्साह व आनन्द होना चाहिए, वह आज अनेक रूढ़ियों, प्रलोभनों व प्रदर्शनों में ही रह गया है। हम सामान्यतः व्यवहार में अपनी बहिनों की दृष्टि डालकर देखते हैं तो तप के मूल में विशेष प्रलोभन प्रवृत्ति बढ़ती प्रतीत होती है। किसी बहिन को तपश्चरण के प्रति आकर्षित किया जाय तो कभी-कभी वह ऐसा कहती हुई मालूम होती है कि—

"महाराज मुझे अठाई अवश्य करना है, किन्तु पहली बार ही कर रही हूँ। इसलिए सास-ससुर, माता पितादि कहते हैं कि इस समय हमारी स्थिति ठीक नहीं है। अभी हमने और-और खर्चे भी निकाले हैं। अभी हमने कई प्रसंगों पर विपुल मात्रा में व्यय किया है। अतः इस साल नहीं, अगले साल कर लेना।

प्रलोभन की ये बातें सुनकर बहिनों का मन पिघल जाता है और वे सोचने लगती हैं, वास्तव में ये लोग ठीक ही कहते हैं। इस परिस्थिति में तप करने से न तो पूरा लाड़ प्यार ही मिलेगा और न पीहर से ही सुन्दर वस्त्राभूषण आवेंगे, न मधुर गाजे-बाजे ही बजेंगे और न अनेक प्रकार (नारियल, लड्डू, पताशा आदि) की प्रभावना ही दी जावेगी। समाज ठीक ढंग से जान भी नहीं पावेगा कि अमुक घर में तपस्या हुई है।

तप कर्म करते समय जहां हमारी यह पवित्र भावना होनी चाहिए कि आरम्भ परिग्रह कैसे कम हो, वहां आज तप के नाम पर असीम आरम्भ परिग्रह बढ़ाये जा रहे हैं। तप के नाम पर प्रीतिभोज

त्याग नहीं किया तो यह एक प्रकार का लंघन ही होगा।"[1]

अतः तपस्या करते समय पूरी सावधानी और जागरूकता की आवश्यकता है। यदि विवेकपूर्वक तप किया गया तो निश्चय ही हमारी आत्मा तप का सस्पर्श पाकर कुन्दन की भांति निखर उठेगी।

हिन्दी के सुप्रसिद्ध कवि श्री सुमित्रानन्दन पन्त ने मन को सम्बोधित करते हुए यही कहा है—

"तप रे मधुर मधुर मन ॥"

---

१. कषाय विषयाहाराणां त्यागो यत्र विधीयते।
उपवासः स विज्ञेयः, शेषं लंघनकं विदुः ॥

त्याग नहीं किया तो यह एक प्रकार का लंघन ही होगा।"[1]

अतः तपस्या करते समय पूरी सावधानी और जागरूकता की आवश्यकता है। यदि विवेकपूर्वक तप किया गया तो निश्चय ही हमारी आत्मा तप का सस्पर्श पाकर कुन्दन की भांति निखर उठेगी।

हिन्दी के सुप्रसिद्ध कवि श्री सुमित्रानन्दन पन्त ने मन को सम्बोधित करते हुए यही कहा है—

"तप रे मधुर मधुर मन ॥"

५ | दान

भारतीय संस्कृति सदा से दान एवं त्याग प्रधान रही है। यहा के लोगो ने प्रसंग उपस्थित होने पर तन दिया है, धन दिया है, मन की शुभ भावना दी है, शरणागत की रक्षा के लिये रक्त मास ही क्या जीवन देने मे भी संकोच नही किया। एक ही शब्द मे कहना चाहें तो हम यों कह सकते हैं कि भारतीय संस्कृति के उपासको ने कभी-कभी तो अपना सर्वस्व भी परोपकार मे हंसते हंसते समर्पण कर दिया है। यह है हमारी पवित्र संस्कृति जिस पर हम ही नहीं दुनिया चकित व गर्वित है।

भारतीय संस्कृति के ऋषिमुनियो ने और हजारो धर्म ग्रन्थों ने मानव की महत्ता के गुणगान मुक्त कठ से किए हैं। सब तरह के जन्मो मे मानव जन्म को ही अत्युत्तम कहा है और साथ अति कठिन भी। शास्त्रकार के शब्दों मे—

"मनुष्य जन्म बहुत ही दुर्लभ है।"[१]

मानव की उस महानता का एक मात्र कारण है सत्य, सदाचार, दान, दया, क्षमा, सहनशीलता, विनय और बहुमान आदि सद्गुण। इन सद्गुणों से मानव ने स्वर्गलोक में रहने वाले देवों को भी मानव बनने के लिये प्रेरित किया है। वे भी तड़फते हैं और छटपटाते हैं कि कब हम भी भारत भूमि मे जाकर जन्म लें और मानव बनें। मानव का जीवन देवों के लिये भी स्पृहणीय है। वे कहा करते हैं:—

"गायन्ति देवाः किल गीतकानि,
धन्यास्तु ये भारत भूमिभागे।"

१. दुल्ल हे खलु माणुसे भवे॥

५ | दान

भारतीय सस्कृति सदा से दान एवं त्याग प्रधान रही है। यहा के लोगो ने प्रसंग उपस्थित होने पर तन दिया है, धन दिया है मन की शुभ भावना दी है, शरणागत की रक्षा के लिये रक्त मात ही क्या जीवन देने मे भी संकोच नही किया। एक ही शब्द मे कहना चाहे तो हम यों कह सकते हैं कि भारतीय संस्कृति के उपासको ने कभी कभी तो अपना सर्वस्व भी परोपकार मे हंसते हंसते समर्पण क दिया है। यह है हमारी पवित्र संस्कृति जिस पर हम ही नहीं दुनिय चकित व गर्वित है।

भारतीय संस्कृति के ऋषिमुनियो ने और हजारो धर्म ग्रन्थ ने मानव की महत्ता के गुणगान मुक्त कठ से किए हैं। सब तरह जन्मो मे मानव जन्म को ही अत्युत्तम कहा है और साथ अति कठि भी। शास्त्रकार के शब्दों मे—

"मनुष्य जन्म बहुत ही दुर्लभ है।"[१]

मानव की उस महानता का एक मात्र कारण है सत्य, सद चार, दान, दया, क्षमा, सहनशीलता, विनय और बहुमान आदि सदगु इन सदगुणों से मानव ने स्वर्गलोक में रहने वाले देवों को भी मान बनने के लिये प्रेरित किया है। वे भी तड़पते हैं और छटपटाते हैं कब हम भी भारत भूमि मे जाकर जन्म लें और मानव बनें। मान का जीवन देवों के लिये भी स्पृहणीय है। वे कहा करते हैं:—

"गायन्ति देवाः किल गीतकानि,
धन्यास्तु ये भारत भूमिभागे।"

---

१. दुल्ल हे खलु माणुसे भवे॥

दान की महिमा एव गरिमा अकथनीय है। त्याग, समर्पण और विसर्जन आदि दान के ही पर्याय हैं जिसके अभाव में मानव नगण्य रहेगा।

अथाह समुद्र में निमज्जित व्यक्ति को साधन-शक्ति होते हुए नही बचाना जैसे पाप है ठीक उसी प्रकार वैभव सम्पन्न होने पर भी किसी दीन-दुखी का दर्द नही मिटाना भी भयकर पाप है।

जैसे किसी ईमानदार सद्गृहस्थ के समीप रखा हुआ बहुमूल्य द्रव्य भी सुरक्षित रहता है और मागने पर बिना किसी बाधा के तत्काल उपलब्ध हो जाता है ठीक उसी प्रकार दान मे दिया हुआ द्रव्य भी सुरक्षित रहता है।

मील के शेयर होल्डर (भागीदार) को तो कभी हानि भी उठानी पडती है किन्तु धार्मिक क्रिया सत्पात्र के दानी को तो सर्वत्र नित नूतन लाभ की सुप्राप्ति होती है।

"संग्रह करने वाला व्यक्ति प्रायः करके समुद्र के रसातल को प्राप्त करता है किन्तु दाता मेघ की तरह सबके ऊपर गर्जना करता है।"[1]

महाभारत पर्व ५ अ० ३३ श्लोक० १०४ में भी दान का महत्व उभरा है।

"बुद्धि, कुलीनता, इन्द्रिय-निग्रह, विद्या, पराक्रम, भाषा, संयम, कृतज्ञता और दान देना इन आठ गुणों से पुरुष दीप्तिमान होता है।"[2]

देना-खोना नहीं है। प्राप्त करना है। कुछ देगें तो प्राप्त

---

१. सगृहैक परः प्रायः, समुद्रोऽपि रसातलम्।
दाता तु जलदः पाय, भुवनोपरि गर्जति ॥

२. अष्टौ गुणाः पुरुष दीपयन्ति, प्रज्ञा च कौल्यं च दमः श्रुतं च ॥
पराक्रमश्चाबहु भाषिता च, दान यथाशक्ति कृतज्ञता च ॥

दान की महिमा एवं गरिमा अकथनीय है। त्याग, समर्पण और विसर्जन आदि दान के ही पर्याय हैं जिसके अभाव में मानव नगण्य रहेगा।

अथाह समुद्र में निमज्जित व्यक्ति को साधन-शक्ति होते हुए नही बचाना जैसे पाप है ठीक उसी प्रकार वैभव सम्पन्न होने पर भी किसी दीन-दुखी का दर्द नही मिटाना भी भयकर पाप है।

जैसे किसी ईमानदार सद्गृहस्थ के समीप रखा हुआ बहुमूल्य द्रव्य भी सुरक्षित रहता है और मागने पर बिना किसी बाधा के तत्काल उपलब्ध हो जाता है ठीक उसी प्रकार दान मे दिया हुआ द्रव्य भी सुरक्षित रहता है।

मील के शेयर होल्डर (भागीदार) को तो कभी हानि भी उठानी पडती है किन्तु धार्मिक क्रिया सत्पात्र के दानी को तो सर्वत्र नित नूतन लाभ की सुप्राप्ति होती है।

"संग्रह करने वाला व्यक्ति प्रायः करके समुद्र के रसातल को प्राप्त करता है किन्तु दाता मेघ की तरह सबके ऊपर गर्जना करता है।"[1]

महाभारत पर्व ५ अ० ३३ श्लोक० १०४ में भी दान का महत्व उभरा है।

"बुद्धि, कुलीनता, इन्द्रिय-निग्रह, विद्या, पराक्रम, भाषा, संयम, कृतज्ञता और दान देना इन आठ गुणों से पुरुष दीप्तिमान होता है।"[2]

देना-खोना नहीं है। प्राप्त करना है। कुछ देगें तो प्राप्त

१. संग्रहैक परः प्रायः, समुद्रोऽपि रसातलम्।
दाता तु जलदः पश्य, भुवनोपरि गर्जति ॥

२. अष्टौ गुणाः पुरुषं दीपयन्ति, प्रज्ञा च कौल्यं च दमः श्रुतं च ॥
पराक्रमश्चाबहु भाषिता च, दानं यथाशक्ति कृतज्ञता च ॥

विद्वानों ने धन की गति को तीन भागों में विभक्त किया है—'खाना, खिलाना और नाश। दान और भोग मे इसका सदुपयोग नहीं किया गया तो नाश तो अवश्यभावी है।"[1]

अतः एक हाथ से खाओ तो दूसरे हाथ से खिलाओ।

कहा जाता है कि एक बार ब्रह्माजी के पास देव-गण पहुचे और याचना करने लगे—

"प्रभो! हमे कुछ दीजिये।"

उन्होने कहा "द"

"द" अर्थात् तुम अपने विलासी जीवन पर नियन्त्रण करो यानी स्वच्छन्द इन्द्रियो का दमन करो इससे सुखी बनोगे।

जब देवों के वहा पहुचने के समाचार दानवों को मिले तो भला वे पीछे कैसे रह सकते थे? दौड़-दौड़ वे भी ब्रह्मा के पास पहुचे और कुछ विनम्र शब्दो में प्रार्थना की—

विधाता ने इनसे भी कहा—"द" अर्थात् तुम बहुत उद्दंड प्रकृति के हो अतः तुम्हे दया करनी चाहिये। यही कल्याण का सीधा राजमार्ग है।

देव और दानवो ने जब ब्रह्माजी से वरद प्राप्त कर लिया तब भला यह बात मानवो से कैसे छिपी रह सकती थी? उन्हें भी इस रहस्य का पता चला और वे भी पवन गति से वहा पहुंचे और सुख के साधन की प्रार्थना करने।

ब्रह्मा ने कहा—

"द" अर्थात् तुम्हें दान देना चाहिये। यही शान्ति की सच्ची राह है। यह पौराणिक प्रसग स्पष्ट करता है कि मनुष्य को अपने धन का मुक्तहस्त से दान करना ही हितकर है।

१—इस धन की गति तीन है, दान भोग अरु नाश।
दान भोग मे ना लगे तो, निश्चय होय विनास॥

विद्वानों ने धन की गति को तीन भागो में विभक्त किया है- 'खाना, खिलाना और नाश। दान और भोग मे इसक सदुपयोग नहीं किया गया तो नाश तो अवश्यभावी है।"[१]

अत. एक हाथ से खाओ तो दूसरे हाथ से खिलाओ।

कहा जाता है कि एक बार ब्रह्माजी के पास देव-गण पहुचे और याचना करने लगे—

"प्रभो! हमे कुछ दीजिये।"

उन्होने कहा "द"

"द" अर्थात् तुम अपने विलासी जीवन पर नियन्त्रण करो यानी स्वच्छन्द इन्द्रियों का दमन करो इससे सुखी बनोगे।

जब देवों के वहा पहुचने के समाचार दानवों को मिले तो भला वे पीछे कैसे रह सकते थे? दौड़-दौड़ वे भी ब्रह्मा के पास पहुचे और कुछ विनम्र शब्दो में प्रार्थना की—

विधाता ने इनसे भी कहा—"द" अर्थात् तुम बहुत उद्दण्ड प्रकृति के हो अतः तुम्हे दया करनी चाहिये। यही कल्याण का सीधा राजमार्ग है।

देव और दानवो ने जब ब्रह्माजी से वरद प्राप्त कर लिया तब भला यह बात मानवो से कैसे छिपी रह सकती थी? उन्हें भी इस रहस्य का पता चला और वे भी पवन गति से वहा पहुँचे और लगे सुख के साधन की प्रार्थना करने।

ब्रह्मा ने कहा—

"द" अर्थात् तुम्हें दान देना चाहिये। यही शान्ति की सच्ची राह है। यह पौराणिक प्रसंग स्पष्ट करता है कि मनुष्य को अपने धन का मुक्तहस्त से दान करना ही हितकर है।

१—इस धन की गति तीन है, दान भोग अरु नाश।
दान भोग में ना लगे तो, निश्चय होय विनास॥

मेघरथ राजा ने एक छोटे से पक्षी कपोत की सुरक्षा के लिये निर्ममत्व बुद्धि से अपने सुकोमल तन का मांस काट-काट कर तराजू पर रख दिया किन्तु अपने समक्ष हिंसा का ताण्डव नृत्य नहीं होने दिया। अभयदान के महा प्रभाव से ही ये आगे चलकर सोलहवें तीर्थंकर शान्तिनाथ बने।

सब प्रकार के बन्धनों में कनक और कान्ता का बन्धन बहुत ही मजबूत माना गया है, किन्तु कुछ वीर पुरुषों ने अभयदान की सुरक्षा में कान्ता तक के स्नेह का धागा की बात में काट दिया। उसकी झांकी प्रस्तुत करते आप हम बहुत ही गौरवान्वित होते हैं।

बाड़े और पिंजरे को पशु पक्षियों से भरा देखकर भगवान नेमिनाथ का सहज कोमल हृदय करुणा से द्रवित हो गया और वे सारथी से बोले—

"ये सुख के इच्छुक सभी प्राणी बाड़ों और पिंजरों में क्यों बन्द हैं ?"[1]

सारथी ने विनम्र शब्दों में प्रत्युत्तर दिया—

'ये सब भद्र प्राणी आपके विवाह में आने वाले बहुत से मनुष्यों के भोजन के लिये काम लिये जाएंगे।"[2]

बस इतना सुनना था कि भगवान का हृदय दया से द्रवित हो गया।

मेरा विवाह और इतना भयंकर अनर्थ। नहीं, मैं इतना घोर अन्याय कभी नहीं सह सकता। सिर्फ दो प्राणियों के मधुर मिलन के लिये निर्बल व असहाय हजारों प्राणियों को असमय में मौत के घाट

१—कस्स अट्ठा इमे पाणा, एए सव्वे सुहेसिणो ॥
वाडेहिं पजरेहिं च, सन्निरुद्धाय अच्छहिं ॥ (उ० अ० २२ गा० १६)

२—अह सारही तओ भणइ, एए भद्दाउ पाणिणो।
तुज्झ विवाह कज्जम्मि, भोयावेउ, बहुं जणं। (उ० अ० २२ गा० १७)

मेघरथ राजा ने एक छोटे से पक्षी कपोत की सुरक्षा के लिये निर्ममत्व बुद्धि से अपने सुकोमल तन का मांस काट-काट कर तराजू पर रख दिया किन्तु अपने समक्ष हिंसा का ताण्डव नृत्य नहीं होने दिया। अभयदान के महा प्रभाव से ही वे आगे चलकर सोलहवें तीर्थंकर शान्तिनाथ बने।

सब प्रकार के बन्धनों में कनक और कान्ता का बन्धन बहुत ही मजबूत माना गया है, किन्तु कुछ वीर पुरुषों ने अभयदान की सुरक्षा में कान्ता तक के स्नेह का बात की बात में काट दिया। उसकी झांकी प्रस्तुत करते आप हम बहुत ही गौरवान्वित होते हैं।

बाड़े और पिंजरे को पशु पक्षियों से भरा देखकर भगवान नेमिनाथ का सहज कोमल हृदय करुणा से द्रवित हो गया और वे सारथी से बोले—

"ये सुख के इच्छुक सभी प्राणी बाड़ों और पिंजरों में क्यों बन्द हैं ?"[1]

सारथी ने विनम्र शब्दों में प्रत्युत्तर दिया—

'ये सब भद्र प्राणी आपके विवाह में आने वाले बहुत से मनुष्यों के भोजन के लिये काम लिये जाएंगे।"[2]

बस इतना सुनना था कि भगवान का हृदय दया से द्रवित हो गया।

मेरा विवाह और इतना भयंकर अनर्थ। नहीं, मैं इतना घोर अन्याय कभी नहीं सह सकता। सिर्फ दो प्राणियों के मधुर मिलन के लिये निर्बल व असहाय हजारों प्राणियों को असमय में मौत के घाट

१—कस्स अट्ठाइमेपाणा, ए ए सव्वे सुहेसिणो ॥
वाडेहिं पंजरेहिं च, सन्निरुद्धाय अच्छहिं ॥ (उ० अ० २२ गा० १६)
२—अह सारही तओ भणइ, ए ए भद्दाउ पाणिणो।
तुज्झ विवाह कज्जम्मि, भोयावेउ, बहुं जणं। (उ० अ० २२ गा० १७)

तरह के सुपात्र का सुयोग उपलब्ध हो तब हमें अत्यन्त हर्षित हो प्रमोद भावना से देना चाहिये और सर्व विरति साधु-साध्वी का अगर सुप्रसग प्राप्त हो तब तो अत्यधिक प्रमुदित भाव से चौदह (असरण, पाण, खादिम स्वादिम वस्त्र, पात्र, कम्बल, रजोहरण, पीठ, फलक, शय्या, सस्तारक, औषध और भेषज) प्रकार के पदार्थ देने चाहिये।

देते समय चित्त, वित्त और पात्र की शुद्धता आवश्यक है। चित्त=देने वाले दाता का मनशुद्ध, उदार एव निष्काम होना चाहिये। वित्त=जो वस्तु दी जा रही है वह भी बयालीस अथवा सेंतालीस दोष रहित प्रासुक एव शुद्ध होनी चाहिये। पात्र=लेने वाला भिक्षुक भी ज्ञान-क्रिया सम्पन्न शुद्ध होना चाहिये। जब इस त्रिपुटी का सगम होता है तब कार्य-सिद्धि अविलम्ब होती है।

देते समय हमारे अन्तःकरण में प्रति बदले की भावना नही होनी चाहिये क्योकि शास्त्रकारो ने कहा है—

"निस्वार्थ भाव से देने वाला दाता, और सयम निर्वाहार्थ लेने वाला भिक्षु ये दोनो दुर्लभ होते हैं। निस्वार्थी दाता और मुनि मोक्ष के अधिकारी होते हैं।"[1] इस विषय मे संगम ग्वाले का दृष्टान्त द्रष्टव्य है।

बडी कठिनता से उपलब्ध खीर को पाकर संगम ग्वाले का मन-मयूर हर्षोन्मित्त था। वह हर्ष विभोर हो किसी सयमी मुनि की प्रतीक्षा कर रहा था। नीति का वाक्य है कि—

"जैसी जिसकी भावना होती है उसको वैसी ही सिद्धि मिलती है।"[2] सगम को भी मासखमण के एक घोर तपस्वी का सुयोग मिला। फिर क्या था? प्रमोद भावना उमड पडी। गुरु चरणो मे पहुचा। प्रार्थना की—

१—दुल्लहाओमुहादाई, मुहाजीवीवि दुल्लहा।
मुहादाई मुहाजीवी, दो वि गच्छन्ति सुगई (द. अ. ५ उ-१ गा. १०८)

२—यादृशी भावना यस्य, सिद्धिर्भवति तादृशी।

तरह के सुपात्र का सुयोग उपलब्ध हो तब हमें अत्यन्त हर्षित हो प्रमोद भावना से देना चाहिये और सर्व विरति साधु-साध्वी का अगर सुप्रसग प्राप्त हो तव तो अत्यधिक प्रमुदित भाव से चौदह (असरण, पाण, खादिम स्वादिम वस्त्र, पात्र, कम्बल, रजोहरण, पीठ, फलक, शय्या, सस्तारक, औषध और भेषज) प्रकार के पदार्थ देने चाहिये।

देते समय चित्त, वित्त और पात्र की शुद्धता आवश्यक है। चित्त=देने वाले दाता का मनशुद्ध, उदार एव निष्काम होना चाहिये। वित्त=जो वस्तु दी जा रही है वह भी बयालीस अथवा सैतालीस दोष रहित प्रामुक एव शुद्ध होनी चाहिये। पात्र=लेने वाला भिक्षुक भी ज्ञान-क्रिया सम्पन्न शुद्ध होना चाहिये। जब इस त्रिपुटी का सगम होता है तब कार्य-सिद्धि अविलम्ब होती है।

देते समय हमारे अन्त:करण में प्रति वदले की भावना नही होनी चाहिये क्योकि शास्त्रकारो ने कहा है—

"निस्वार्थ भाव से देने वाला दाता, और सयम निर्वाहार्थ लेने वाला भिक्षु ये दोनो दुर्लभ होते हैं। निस्वार्थी दाता और मुनि मोक्ष के अधिकारी होते हैं।[1] इस विषय मे संगम ग्वाले का दृष्टान्त द्रष्टव्य है।

बडी कठिनता से उपलब्ध खीर को पाकर संगम ग्वाले का मन-मयूर हर्षोन्मित्त था। वह हर्ष विभोर हो किसी सयमी मुनि की प्रतीक्षा कर रहा था। नीति का वाक्य है कि—

"जैसी जिसकी भावना होती है उसको वैसी ही सिद्धि मिलती हैं।"[2] सगम को भी मासखमण के एक घोर तपस्वी का सुयोग मिला। फिर क्या था? प्रमोद भावना उमड पडी। गुरु चरणो मे पहु चा। प्रार्थना की—

१—दुलहाओमुहादाई, मुहाजीवीवि दुल्लहा।
मुहादाई मुहाजीवी, दो वि गच्छंति सुगई (द. अ. ५ उ-१ गा. १०८)

२—यादृशी भावना यस्य, सिद्धिर्भवति तादृशी।

बलभद्र मुनि के साथ सम्बन्धित हरिण ने कब दान दिया था। किन्तु उसका उदाहरण हमे वह बताता है कि उसने पवित्र भावना के माध्यम से ही पाचवे ब्रह्मदेवलोक को प्राप्त कर लिया।

सुपात्रदान के बल से संसार को सीमित करने वाले एक दो उदाहरण नही किन्तु हजारो दृष्टान्तो से हमारे आगमों के स्वर्णिम पृष्ठ आज भी चमक रहे हैं। गीताकार श्रीकृष्ण ने दान को तीन भागो मे विभक्त किया है। वे है १राजसदान २ तामसदान और ३ सात्विक दान।

सज्जनो को, हितैषियों को एवं प्रियजनो को प्रीत्यर्थ देना राजस दान है।

वैश्या आदि के नाच-गान पर खुश होकर अहंकारवश या मनोरंजनवश देना तामसदान है।

किन्तु, इन दोनों प्रकार के दानो से सात्विक दान ही सर्वोत्कृष्ठ है। उसकी परिभाषा करते हुए भी साकार श्रीकृष्ण ने कहा है—

"उपकार का सम्बन्ध छोडकर उचित देश, काल और पात्र में दिया जाने वाला दान ही सात्विक कहलाता है।"[1]

दान श्रावक के जीवन का प्रधान गुण है। द्वादश व्रतो मे यह अन्तिम व्रत है। शास्त्रो मे कहा है—

"संविभाग के बिना मुक्ति नही होती।"[2]

'राजप्रश्नीय सूत्र मे सम्राट प्रदेशी का प्रसग है। केशीश्रमण के पावन सम्पर्क से घोर हिंसक राजा प्रदेशी जब अहिंसक श्रमणोपासक बन जाता है तो वह अपनी राज्यश्री को चार भागों में विभक्त

१—दातव्यमिति यद्दानं, दीयतेऽनुपकारिणे।
देशे काले च पात्रे च, तद्दानं सात्विकं मतम्।

२—असंविभागी न हु तस्स मोक्खो (द. अ. ९)

बलभद्र मुनि के साथ सम्बन्धित हरिण ने कब दान दिया था। किन्तु उसका उदाहरण हमे वह बताता है कि उसने पवित्र भावना के माध्यम से ही पाचवे ब्रह्मदेवलोक को प्राप्त कर लिया।

सुपात्रदान के बल से संसार को सीमित करने वाले एक दो उदाहरण नही किन्तु हजारो दृष्टान्तो से हमारे आगमों के स्वर्णिम पृष्ठ आज भी चमक रहे हैं। गीताकार श्रीकृष्ण ने दान को तीन भागो मे विभक्त किया है। वे है १राजसदान २ तामसदान और ३ सात्विक दान।

सज्जनो को, हितैषियों को एवं प्रियजनो को प्रीत्यर्थ देना राजस दान है।

वैश्या आदि के नाच-गान पर खुश होकर अहंकारवश या मनोरंजनवश देना तामसदान है।

किन्तु, इन दोनो प्रकार के दानो से सात्विक दान ही सर्वोत्कृष्ठ है। उसकी परिभाषा करते हुए भी साकार श्रीकृष्ण ने कहा है—

"उपकार का सम्बन्ध छोडकर उचित देश, काल और पात्र में दिया जाने वाला दान ही सात्विक कहलाता है।"[1]

दान श्रावक के जीवन का प्रधान गुण है। द्वादश व्रतो मे यह अन्तिम व्रत है। शास्त्रो मे कहा है—

"सविभाग के विना मुक्ति नही होती।"[2]

'राजप्रश्नीय सूत्र मे सम्राट प्रदेशी का प्रसग है। केशीश्रमण के पावन सम्पर्क से घोर हिंसक राजा प्रदेशी जब अहिंसक श्रमणोपासक बन जाता है तो वह अपनी राज्यश्री को चार भागों मे विभक्त

१—दातव्यमिति यद्दानं, दीयतेऽनुपकारिणे।
देशे काले च पात्रे च, तद्दान सात्विक मतम्।

२—असविभागी न हु तस्स मोक्खो (द. अ. ९)

"जैसे अडवा खेत का, खाय न खावा देय।"

न तो वह स्वयं खाता है और न दूसरे पशुपक्षी को ही खा देता है, किन्तु नीति स्पष्ट करती है कि—

"जोड गया शिर फोड़ गया, गाड़ गया झकमार गया।
खाय गया सो खोय गया, जो देय गया सो लेय गया।"

यदि कोई मानव भूख से छटपटा रहा है। उसे तन ढकने को पूरे वस्त्र नही मिल रहे हैं। रहने को झोपडी नही है। ऐसी विषम बेला में यदि आप उसकी दीन दशा पर हंसते हैं एवं उसकी ओर ध्यान नही देते हैं तो आपकी सपदा व्यर्थ है। यदि आप उसकी बीभित्स दशा को सिर्फ टुगर मुगर निहारते ही रहते हैं तो पशु के समान है। किन्तु यदि आप उसे समय पर सहायता देकर धर्म मे स्थिर करते हैं तो आप मानव ही नही, किन्तु महामानव हैं।

दुखी को देखकर अनुकपा करना सम्यक्त्व का लक्षण है।

परन्तु खेद का विषय है कि आज इस दान के पवित्र क्षेत्र में भी मानव की ममत्व बुद्धि ज्यों कि त्यो बनी हुई है। अधिकाश मानव यशकीर्ति के लिये देते हैं। यदि दानवीरो की गणना में उनको प्रमुख स्थान नहीं मिलता है तो दानी का शिर ठनक उठता है। वह देना कम और लेना अधिक चाहता है। तथा कथित ऐसे नाम के भूखे दानवीरो के लिए किसी कवि की चुभती बात अर्थ पूर्ण है—

"एरण की चोरी करे, दे सुई को दान।
चढ डागलिये देखता, कद आसी विमान।"

किन्तु यह प्रवृत्ति अच्छी नही है। एक किसान यदि भूसे के लिये ही खेती करता है तो वह मूर्ख ही नही बल्कि महामूर्ख समझा जाता है। ठीक इसी प्रकार कीर्ति भी एक प्रकार का भूसा है और उसके लिये ही देना अपने आपको उपहास का पात्र बनाना है।

"जैसे अडवा खेत का, खाय न खावा देय।"

न तो वह स्वयं खाता है और न दूसरे पशुपक्षी को ही खाने देता है, किन्तु नीति स्पष्ट करती है कि—

"जोड़ गया शिर फोड़ गया, भाड़ गया भकमार गया।
खाय गया सो खोय गया, जो देय गया सो लेय गया।"

यदि कोई मानव भूख से छटपटा रहा है। उसे तन ढकने को पूरे वस्त्र नही मिल रहे हैं। रहने को भोपडी नही है। ऐसी विषम बेला में यदि आप उसकी दीन दशा पर हंसते हैं एवं उसकी ओर ध्यान नही देते हैं तो आपकी सपदा व्यर्थ है। यदि आप उसकी बीभित्स दशा को सिर्फ टुगर मुगर निहारते ही रहते हैं तो पशु के समान है। किन्तु यदि आप उसे समय पर सहायता देकर धर्म मे स्थिर करते हैं तो आप मानव ही नही, किन्तु महामानव हैं।

दुखी को देखकर अनुकपा करना सम्यक्त्व का लक्षण है।

परन्तु खेद का विषय है कि आज इस दान के पवित्र क्षेत्र में भी मानव की ममत्व बुद्धि ज्यों कि त्यो बनी हुई है। अधिकाश मानव यशकीर्त्ति के लिये देते हैं। यदि दानवीरो की गणना में उनको प्रमुख स्थान नहीं मिलता है तो दानी का शिर ठनक उठता है। वह देना कम और लेना अधिक चाहता है। तथा कथित ऐसे नाम के भूखे दानवीरो के लिए किसी कवि की चुभती बात अर्थ पूर्ण है—

"एरण की चोरी करे, दे सुई को दान।
चढ डागलिये देखता, कद आसी विमान।"

किन्तु यह प्रवृत्ति अच्छी नही है। एक किसान यदि भूसे के लिये ही खेती करता है तो वह मूर्ख ही नही बल्कि महामूर्ख समझा जाता है। ठीक इसी प्रकार कीर्ति भी एक प्रकार का भूसा है और उसके लिये ही देना अपने आपको उपहास का पात्र बनाना है।

"भाव बिना क्रिया सब फीकी ।"

चन्दनबाला ने प्रभु महावीर को क्या दिया था अर्थात् कहना होगा कि कुछ नहीं। क्योंकि सूखे उड़द के बाकुले एक भिखमगा भी सहज में नहीं चाहता, पर वही पदार्थ चन्दना ने प्रभु को देकर गिरते हुए कल्प वृक्ष को सुरक्षित रख लिया एवं संसार को भी सीमित कर लिया। चन्दना के इस भाव भरे उड़द के बाकुलो पर संसार के कोटि कोटि बहुमूल्य हीरे पन्ने न्यौछावर किए जा सकते हैं।

बौद्ध धर्म ग्रन्थ दीर्घ निकाय में कहा है—

"सत्कार पूर्वक दान दो, अपने हाथ से दान दो, मन से दान दो, ठीक तरह से दोषरहित दान दो।"[1]

'संयुक्त निकाय' में भी बतलाया है—

मात्सर्य और प्रमाद से दान नहीं देना चाहिये।"[2]

आज लाखों करोड़ों का धन देने वाले उपलब्ध होंगे किन्तु सच्चा दानी वही है जो अपनी आवश्यकता व इच्छा को काट कर देता है। इसीलिये महाभारत का निम्न प्रसिद्ध कथानक द्रष्टव्य है।

युधिष्ठिर की राजसभा मे उनके राजसूय यज्ञ की प्रशंसा के पुल बांधे जा रहे थे।

ठीक उसी समय वहीं पर प्रकट होकर एक नेवले ने मनुष्य वाणी में बोलना प्रारम्भ किया—

आज कहां है, यज्ञ करने वाले सच्चे दानी। जिसकी किंग्रा लोग प्रशंसा कर रहे हैं। वास्तव में सच्चादानी तो वह ब्राह्मण परिवार है जिससे कि उछवृत्ति से उपार्जित भोजन को किसी अपने से अत्यधिक भूखे को समर्पित कर अपने आपको धन्य-धन्य कृतकृत्य बनाया था।

१—सक्कं दानं देथ, सहत्था दानं देथ।
चित्तीकतं दानं देथ, अनपविद्धं दानं देथ। (२।१०।५)

२—मच्छेरा च पमादा च, एवं [illegible] । (१।१।३२)

"भाव बिना क्रिया सब फीकी ।"

चन्दनबाला ने प्रभु महावीर को क्या दिया था अर्थात् कहना होगा कि कुछ नहीं। क्योंकि सूखे उड़द के बाकुले एक भिखमगा भी सहज में नहीं चाहता, पर वही पदार्थ चन्दना ने प्रभु को देकर गिरते हुए कल्प वृक्ष को सुरक्षित रख लिया एव संसार को भी सीमित कर लिया। चन्दना के इस भाव भरे उडद के बाकुलो पर संसार के कोटि कोटि बहुमूल्य हीरे पन्ने न्यौछावर किए जा सकते हैं।

बौद्ध धर्म ग्रन्थ दीर्घ निकाय में कहा है —

"सत्कार पूर्वक दान दो, अपने हाथ से दान दो, मन से दान दो, ठीक तरह से दोषरहित दान दो।"[१]

'संयुक्त निकाय' में भी बतलाया है—

मात्सर्य और प्रमाद से दान नही देना चाहिये।"[२]

आज लाखो करोडों का धन देने वाले उपलब्ध होगे किन्तु सच्चा दानी वही है जो अपनी आवश्यकता व इच्छा को काट कर देता है। इसीलिये महाभारत का निम्न प्रसिद्ध कथानक द्रष्टव्य है।

युधिष्ठिर की राजसभा मे उनके राजसूय यज्ञ की प्रशसा के पुल बाधे जा रहे थे।

ठीक उसी समय वहीं पर प्रकट होकर एक नेवले ने मनुष्य वाणी में बोलना प्रारम्भ किया—

आज कहां है, यज्ञ करने वाले सच्चे दानी। जिसकी कि आप लोग प्रशंसा कर रहे हैं। वास्तव में सच्चादानी तो वह ब्राह्मण परिवार है जिसने कि उञ्छवृत्ति से उपार्जित भोजन को किसी अपने से अत्यधिक भूखे को समर्पित कर अपने आपको धन्य-धन्य कृतकृत्य बनाया था।

१—सक्कच्चं दान देथ, सहत्था दानं देथ।
चित्तीकत्वा दानं देथ, अनपविद्धं दानं देथ। (२।१०।५)

२—मच्छेरा च पमादा च, एवं दानं न दीयति। (१।१।३२)

जैन धर्म में दया की तरह सुपात्र दान की भी अत्यधिक महिमा गाई गई है। जैन दर्शन की तरह वैदिक एव बौद्ध दर्शन मे भी दान धर्म और पात्रदान का महत्त्व प्रतिपादित किया गया है।

हिरात का शेख अब्दुल्ला असार अपने शिष्यों मे कहा करता था कि— 'अनन्त आकाश मे उडना कोई बहुत बडी क्रान्ति नही है, क्योंकि वहाँ तो गन्दी से गन्दी मक्खिया भी उड सकती हैं। पुलिया या नौके के द्वारा नदियो को पार कर लेना भी कोई महान् चमत्कार नही है क्योकि एक कुत्ता भी ऐसा कर सकता है, किन्तु दुःखी आत्मा को सहायता देना बहुत बडा चमत्कार है जो पवित्र आत्मा ही किया करते हैं।"

जो व्यक्ति अपने जीवन मे धर्माचरण चाहता है उसे सर्वप्रथम दान वृत्ति अपनाना चाहिये। दान और शील ही गृहस्थ धर्म के प्रमुख अग हैं।

किसी कवि ने ठीक ही कहा ह —

"हाथ की शोभा दान से है, कचन से नही।"[१]

अन्त मे धम्मपद के शब्दो मे—

"धर्म का दान सब दानो से बढकर है।[२]

जैन धर्म में दया की तरह सुपात्र दान की भी अत्यधिक महिमा गाई गई है। जैन दर्शन की तरह वैदिक एव बौद्ध दर्शन मे भी दान धर्म और पात्रदान का महत्त्व प्रतिपादित किया गया है।

हिरात का शेख अब्दुल्ला असार अपने शिष्यों मे कहा करता था कि– 'अनन्त आकाश मे उडना कोई बहुत बडी क्रान्ति नही है, क्योंकि वहाँ तो गन्दी से गन्दी मक्खियां भी उड सकती हैं। पुलिया या नौके के द्वारा नदियो को पार कर लेना भी कोई महान् चमत्कार नही है क्योंकि एक कुत्ता भी ऐसा कर सकता है, किन्तु दुःखी आत्मा को सहायता देना बहुत बडा चमत्कार है जो पवित्र आत्मा ही किया करते हैं।"

जो व्यक्ति अपने जीवन मे धर्माचरण चाहता है उसे सर्वप्रथम दान वृत्ति अपनाना चाहिये। दान और शील ही गृहस्थ धर्म के प्रमुख अग हैं।

किसी कवि ने ठीक ही कहा ह —

"हाथ की शोभा दान से है, कचन से नही।"[१]

अन्त मे धम्मपद के शब्दो मे—

"धर्म का दान सब दानो से बढकर है।[२]

२– दानेन पाणिनं तुकरणेन।
सब्बदानं धम्म दान जिनाति।

'मर्यादित जीवन ही वास्तविक' जीवन है। आत्म नियंत्रण सबसे बडी विजय है। हम अपनी इन्द्रियों के स्वामी बनें न कि दास। तन, मन, वाणी एवं आत्मा को संयमित रखने की प्रेरणा लिए पर्युषण का यह छट्ठा दिवस हमारे सामने उपस्थित है। जीवन में संयम भाव को अपनाएं, यही आज के दिन की साधना है।"

'मर्यादित जीवन ही वास्तविक 'जीवन है। आत्म नियंत्र
सबसे बड़ी विजय है। हम अपनी इन्द्रियों के स्वामी बनें न कि दास
तन, मन, वाणी एवं आत्मा को संयमित रखने की प्रेरणा लि
पर्युषण का यह छट्ठा दिवस हमारे सामने उपस्थित है । जीवन
संयम भाव को अपनाएं, यही आज के दिन की साधना है।"

हवा जब मर्यादा से बाहर निकल जाती है तो भयकर तूफान खडा कर देती है। हजारों वर्ष के प्राचीन पेड़ उखड-उखड़ कर भूमिसात् हो जाते हैं। महल दब जाते हैं और छप्पर के छप्पर आसमान में उड़ जाते है।

इस प्रकार पृथ्वी, जल, अग्नि और हवा जैसे पदार्थ भी मर्यादा का अतिक्रमण करने पर प्रलयकर हो सकते हैं तो प्रज्ञाबलधारी मानव मर्यादा से अलग-अलग होकर क्यों नही सर्वनाश को आमन्त्रित करेगा।

कार (मर्यादा) को लाघकर सीता महासती ने भी अपने आपको बन्धन मे डाल दिया था।

'उत्तराध्यन सूत्र' के ३२ वें अध्ययन मे असंयम जीवन के अनिष्ट फल विभिन्न उदाहरणों से सम्यक् प्रकार से समझाये गये हैं।

"दूब के कोमल अकुरो को खाकर पुष्ट तन वाला हिरण कानन मे अपनी हरिणियो के सग विलास युक्त क्रीडा करता हुआ सुमधुर सुरीले स्वर में उन्मत्त बन उधर आकृष्ट हो जाता है। स्रोतेन्द्रिय के इस असयम की परिणति व्याघ के बाण द्वारा असमय दुखद मृत्यु के रूप में होती हैं।"[1]

रूप का लोभी पतंगा अग्नि के चमकीले जाज्वल्यमान दृश्य को देख अपने आपको भूल जाता है। बस फिर क्या ? वह वह्नि शिखा में अपने आपको स्वाहा कर देता है और तड़फ तड़फ कर अपनी प्राण लीला समाप्त कर देता है, यह कटु फल है चक्षुरिन्द्रिय के असंयम का।

१—दूर्वाङ्कुराशन समृद्ध वपुःने कुरगः
क्रीडन् वनेषु हरिणीभिरसो विलासैः
भत्यन्त गेय रव दत्तमना वराकः
श्रोत्रेन्द्रियेण समवाप्ति सुखं प्रयाति ॥

हवा जब मर्यादा से बाहर निकल जाती है तो भयकर तूफान खडा कर देती है। हजारों वर्ष के प्राचीन पेड़ उखड-उखड़ कर भूमिसात् हो जाते हैं। महल दब जाते हैं और छप्पर के छप्पर आसमान में उड़ जाते है।

इस प्रकार पृथ्वी, जल, अग्नि और हवा जैसे पदार्थ भी मर्यादा का अतिक्रमण करने पर प्रलयकर हो सकते हैं तो प्रज्ञाबलधारी मानव मर्यादा से अलग-अलग होकर क्यों नही सर्वनाश को आमन्त्रित करेगा।

कार (मर्यादा) को लाघकर सीता महासती ने भी अपने आपको वन्धन मे डाल दिया था।

'उत्तराध्यन सूत्र' के ३२ वें अध्ययन मे असंयम जीवन के अनिष्ट फल विभिन्न उदाहरणों से सम्यक् प्रकार से समझाये गये हैं।

"दूब के कोमल अकुरो को खाकर पुष्ट तन वाला हिरण कानन मे अपनी हरिणियो के सग विलास युक्त क्रीडा करता हुआ सुमधुर सुरीले स्वर में उन्मत्त बन उधर आकृष्ट हो जाता है। स्रोतेन्द्रिय के इस असयम की परिणति व्याघ के वाण द्वारा असमय दुखद मृत्यु के रूप में होती हैं।"[1]

रूप का लोभी पतंगा अग्नि के चमकीले जाज्वल्यमान दृश्य को देख अपने आपको भूल जाता है। बस फिर क्या ? वह वह्नि शिखा में अपने आपको स्वाहा कर देता है और तड़फ तड़फ कर अपनी प्राण लीला समाप्त कर देता है, यह कटु फल है चक्षुरिन्द्रिय के असंयम का।

१—दूर्वाङ्कुराशन समृद्ध वपुर्ने कुरगः
क्रीडन् वनेषु हरिणीभिरसौ विलासैः
अत्यन्त गेय रव दत्तमना वराकः
श्रोत्रेन्द्रियेण समवर्ति मुखं प्रयाति॥

अतः निम्नलिखित दृष्टान्त से हमें संयमी बनने की शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए।

एक जापानी भक्त से महात्मा गांधी को तीन बन्दरों के खिलौने प्राप्त हुए।

एक ने अपने नेत्रों को, दूसरे ने अपने कानों को तथा तीसरे ने अपने मुंह को हाथ से बद कर रक्खा था।

प्रदर्शनी में उस खिलौने को देख लोगों ने साश्चर्य पूछा—

"यह क्या है ? इन्होने मुख आख, और कान को क्यों बन्द कर रक्खा है"

रहस्य प्रकट करते हुए महात्माजी ने उन लोगो को समझाया— "मुंह से कभी भी गन्दे शब्द न बोलना, कानो से अश्लील शब्द नही सुनना तथा नेत्रो से कामोत्तेजक रूप नही देखना। हमें इस चित्र से यही सत् शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए—

सयम शब्द की परिभाषा करते हुए आचार्यों ने हमें बताया है—

मर्यादा पूर्वक इन्द्रियों का निग्रह करना सयम है।"[१]

संयम के बिना हमारी सब साधना अधूरी है। यह संयम मुख्यतया तीन विभागो मे विभिक्त है—मन संयम, वाणी सयम और काया सयम।

१. मन संयम—

जैसे इन्द्रिय संयम आवश्यक है उससे भी कई गुणा अत्यधिक मन संयम है। कहा गया है—

"इन्द्रियेभ्यः परं मनः।"

अर्थात् मन की चचलता इन्द्रियों की चंचलता से बढकर है। इस विषय में एक गुजराती कवि ने बहुत सुन्दर विचार हमारे समक्ष उपस्थित किए हैं—

१—स मर्यादया नियन्त्रणं संयमः

अतः निम्नलिखित दृष्टान्त से हमें संयमी बनने की शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए।

एक जापानी भक्त से महात्मा गांधी को तीन बन्दरों के खिलौने प्राप्त हुए।

एक ने अपने नेत्रों को, दूसरे ने अपने कानों को तथा तीसरे ने अपने मुंह को हाथ से बंद कर रखा था।

प्रदर्शनी में उस खिलौने को देख लोगों ने साश्चर्य पूछा—

"यह क्या है ? इन्होने मुख आंख, और कान को क्यों बन्द कर रक्खा है"

रहस्य प्रकट करते हुए महात्माजी ने उन लोगों को समझाया—"मुँह से कभी भी गन्दे शब्द न बोलना, कानो से अश्लील शब्द नही सुनना तथा नेत्रों से कामोत्तेजक रूप नहीं देखना। हमें इस चित्र से यही सत् शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए—

सयम शब्द की परिभाषा करते हुए आचार्यों ने हमें बताया है—

मर्यादा पूर्वक इन्द्रियों का निग्रह करना सयम है।"[1]

संयम के बिना हमारी सब साधना अधूरी है। यह संयम मुख्यतया तीन विभागो मे विभक्त है—मन संयम, वाणी सयम और काया सयम।

१. मन संयम—

जैसे इन्द्रिय संयम आवश्यक है उससे भी कई गुणा अत्यधिक मन संयम है। कहा गया है—

"इन्द्रियेभ्यः परं मनः।"

अर्थात् मन की चचलता इन्द्रियों की चंचलता से बढकर है। इस विषय में एक गुजराती कवि ने बहुत सुन्दर विचार हमारे समक्ष उपस्थित किए हैं—

१—स मर्यादया नियन्त्रणं संयमः

कोई यह चाहे कि हमे घोडा मिले तो अच्छा, किन्तु वह चंचल प्रकृति का नही होना चाहिए। बताइए क्या कभी ऐसा सभव है ? नही। अगर आप ऐसा ही चाहते हैं तो उत्तर स्पष्ट है कि आपको असली घोडा नही, वल्कि नकली घोडा या शीतला का घोडा चाहिए। वास्तव मे अगर सजीव और अच्छी नस्ल का घोडा है तो उसमे अवश्य ही चंचलता होगी। इसी प्रकार जिसे मन मिला है तो वह अवश्य ही कुछ न कुछ चिन्तन करेगा। चिन्तन के अभाव में मन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

मन किसे मिलता है ? क्या कभी एकेन्द्रिय जीवो के भी मन की प्राप्ति हो सकती है। नही, कभी नही। मन की प्राप्ति अनन्त पुण्योदय से सज्ञी पचेन्द्रिय को ही प्राप्त होती है। अन्य प्राणी तो मन रहित ही होते हैं। तब भला महान् पुण्योदय से मिले इस पवित्र मन को मारने की बात क्यो ?

लोग कहा करते हैं, क्या करे, हमारा मन ही नही लगता। किन्तु यह स्थिति भी ठीक नही है। आपका मन खेलकूद मे लगता है, नाच गान मे लगता है, हास्य-विनोद मे लगता है और कनक कान्ता के संग क्रीडा करने में लगता है, तब भला इस मन को कही स्थिर करना तथा एकाग्र बनाना जितना कठिन नही है, उससे अत्यधिक कठिन उसे साधना है। अतः जैन-दर्शन का यह आघोष है कि मन को मारने की नही, बल्कि साधने की कला सीखनी है। किसी कवि ने ठीक ही कहा है—

"एक साधक साधना के क्षेत्र मे उतर कर केशों का लोच करता है किन्तु जब तक राग-द्वेष से पूरित मन का मुडंन नही किया जायेगा तब तक यह केश मुंडन निरर्थक ही सिद्ध होगा। उसे मुंडने से कोई विशेष लाभ नही।"[१]

१—केशन कहा बिगरिया जो मुडे सो बार।
मन को क्यों नहीं मुंडिये जामे विषय विकार॥

कोई यह चाहे कि हमे घोडा मिले तो अच्छा, किन्तु वह चंचल प्रकृति का नही होना चाहिए। बताइए क्या कभी ऐसा सभव है ? नही। अगर आप ऐसा ही चाहते हैं तो उत्तर स्पष्ट है कि आपको असली घोडा नही, बल्कि नकली घोडा या शीतला का घोडा चाहिए। वास्तव मे अगर सजीव और अच्छी नस्ल का घोडा है तो उसमे अवश्य ही चंचलता होगी। इसी प्रकार जिसे मन मिला है तो वह अवश्य ही कुछ न कुछ चिन्तन करेगा। चिन्तन के अभाव में मन की कल्पना भी नही की जा सकती है।

मन किसे मिलता है ? क्या कभी एकेन्द्रिय जीवो के भी मन की प्राप्ति हो सकती है। नही, कभी नही। मन की प्राप्ति अनन्त पुण्योदय से सज्ञी पचेन्द्रिय को ही प्राप्त होती है। अन्य प्राणी तो मन रहित ही होते हैं। तब भला महान् पुण्योदय से मिले इस पवित्र मन को मारने की बात क्यो ?

लोग कहा करते हैं, क्या करे, हमारा मन ही नही लगता। किन्तु यह स्थिति भी ठीक नही है। आपका मन खेलकूद मे लगता है, नाच गान मे लगता है, हास्य-विनोद मे लगता है और कनक कान्ता के संग क्रीडा करने में लगता है, तब भला इस मन को कही स्थिर करना तथा एकाग्र बनाना जितना कठिन नही है, उससे अत्यधिक कठिन उसे साधना है। अतः जैन-दर्शन का यह आघोष है कि मन को मारने की नही, बल्कि साधने की कला सीखनी है। किसी कवि ने ठीक ही कहा है—

"एक साधक साधना के क्षेत्र मे उतर कर केशों का लोच करता है किन्तु जब तक राग-द्वेष से पूरित मन का मुडंन नही किया जायेगा तब तक यह केश मुंडन निरर्थक ही सिद्ध होगा। उसे मुंडने से कोई विशेष लाभ नही।"[1]

१—केशन कहा बिगरिया जो मुडे सो बार।
मन को क्यों नहीं मुंडिये जामे विषय विकार॥

बोली एक अमोल है, बोल सके तो बोल।
हिय तराजू तोलिके, फिर मुख बाहर खोल॥

और भी—

"चतुर नर वही है विश्व में कार्य करता।
प्रथम हृदय में जो सोचके बोलता है।
हृतमति नर पीछे सोचता किन्तु पूर्व स्वमुख।
बिना विचारे श्वान ज्यों खोलता है।"

वाणी एक अमूल्य चिंतामणि रत्न तुल्य है। उसका प्रयोग बहुत सावधानी पूर्वक करना चाहिए। पहले हृदय में तोलना फिर बोलना चाहिए। बिना बिचारे अनर्गल भाषा के प्रयोग से महान् अनिष्ट को सभावना रहती है। सब घाव भरे जा सकते हैं किन्तु वाणी की चोट मानव को हमेशा-हमेशा के लिए कचोटती रहती है। यह घाव सदा हरा ही रहता है। किसी कवि की एक स्वर-लहरी देखिए—

"पाटा पीड उपाव, तन लगा तखारिया।
बहे जीभरा घाव, रतीन ओषध राजिया।"

उर्दू के शायर की उक्ति भी कितनी समीचीन है—

"छुरी का तीर का तलवार का तो घाव भरा
किन्तु लबा जो जख्म जबा का, वह रहा हमेशा हरा।

वचन-वाण की चोट ला इलाज है। द्रौपदी के एक छोटे से वाक्य "अन्धों की सन्तान अन्धी होती है।" ने महाभारत सदृश एक भयकर युद्ध करवा डाला था। अतः अगर आपको वचन योग मिला है. "आप बोलना जानते हैं तो बहुत ही अच्छी सत्य और मधुर भाषा का प्रयोग करें, किन्तु मुह से गालियां की

बोली एक अमोल है, बोल सके तो बोल।
हिय तराजू तोलिके, फिर मुख बाहर खोल॥

और भी—

"चतुर नर वही है विश्व में कार्य करता।
प्रथम हृदय में जो सोचके बोलता है।
हतमति नर पीछे सीचता किन्तु पूर्व स्वमुख।
बिना विचारे श्वान ज्यों खोलता है।"

वाणी एक अमूल्य चिंतामणि रत्न तुल्य है। उसका प्रयोग बहुत सावधानी पूर्वक करना चाहिए। पहले हृदय में तोलना फिर बोलना चाहिए। बिना बिचारे अनर्गल भाषा के प्रयोग से महान् अनिष्ट को सभावना रहती है। सब घाव भरे जा सकते हैं किन्तु वाणी की चोट मानव को हमेशा-हमेशा के लिए कचोटती रहती है। यह घाव सदा हरा ही रहता है। किसी कवि की एक स्वर-लहरी देखिए—

"पाटा पीड उपाव, तन लगा तखारिया।
बहे जीभरा घाव, रतीन औषध राजिया।"

उर्दू के शायर की उक्ति भी कितनी समीचीन है—

"छुरी का तीर का तलवार का तो घाव भरा
किन्तु लबा जो जख्म जवा का, वह रहा हमेशा हरा।

वचन-वाण की चोट ला इलाज है। द्रौपदी के एक छोटे से वाक्य "अन्धों की सन्तान अन्धी होती है।" ने महाभारत सदृश एक भयकर युद्ध करवा डाला था। अतः अगर आपको वचन योग मिला है, "आप बोलना जानते हैं तो बहुत ही अच्छी सत्य और मधुर भाषा का प्रयोग करें, किन्तु मुह से गालियां की

"अधरं मधुरं वदनं मधुरं नयनं मधुर हसितं मधुरं।
हृदय मधुर गमनं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरं।
वचनं मधुर चरितं मधुरं वसन मधुरं बलितं मधुरं।
चलितं मधुरं भ्रमितं मधुरं मधुराधिपते सरखिलं मधुरम्॥

इस सुन्दर श्लोक का तात्पर्य भी यही है कि हमारे व
माधुर्य रस से आप्लावित हों।

भाषा-सयम पर जैन आगमों में अत्यधिक बल दिया गया
वहाँ बताया है कि—

श्रावक जो मधुर बोलें।
कम बोलें।
कार्य होने पर बोलें।
कुशलता से बोलें।

उक्त सब बातें हमें भाषा-सयम की ओर ही संकेत करती
जो जितना ज्यादा वचन पर अकुंश रखेगा वह उतना ही अ
लोक-प्रिय होगा।

एक बार लोगों ने बांसुरी से पूछा—

'तुम श्री कृष्ण की इतनी प्यारी कैसे बनी हो। वे जि
प्यार 'राधा' से भी नहीं करते उतना तुम से।"

"मैं प्रारम्भ से लेकर अन्त तक सरल हूँ। बोलाने प
बोलती हूँ और जब कभी भी बोलती हूँ बहुत मीठा बोलती हूँ।
श्रीकृष्ण मुझ पर अत्यधिक प्रसन्न हैं।" बांसुरी का प्रत्युत्तर था।

बांसुरी का यह उत्तर ध्वनित करता है कि वास्तव में
बोलना अपना महत्त्व घटाना नहीं, बल्कि बढ़ाना है। कई नि
मानव व्यर्थ की अनर्गल बातें किया करते हैं। कोई उन्हें पूछते
भी नहीं, फिर भी बकते रहते हैं। कवि ने कहा—

"तेल नहीं ताकला नहीं, काटती फिरे पूआ।
गिने नहीं माने नहीं, है लाडारी भूआ।

"अधरं मधुरं वदनं मधुरं नयनं मधुरं हसितं मधुरं।
हृदयं मधुरं गमनं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरं।
वचनं मधुरं चरितं मधुरं वसनं मधुरं वलितं मधुरं।
चलितं मधुरं भ्रमितं मधुरं मधुराधिपते रखिलं मधुरम्॥"

इस सुन्दर श्लोक का तात्पर्य भी यही है कि हमारे वच माधुर्य रस से आप्लावित हों।

भाषा-सयम पर जैन आगमों में अत्यधिक बल दिया गया है वहाँ बताया है कि—

श्रावक जो मधुर बोलें।
कम बोलें।
कार्य होने पर बोलें।
कुशलता से बोलें।

उक्त सब बातें हमें भाषा-सयम की ओर ही संकेत करती हैं जो जितना ज्यादा वचन पर अकुंश रखेगा वह उतना ही अधि लोक-प्रिय होगा।

एक बार लोगों ने बांसुरी से पूछा—

"तुम श्री कृष्ण को इतनी प्यारी कैसे बनी हो। वे जित प्यार 'राधा' से भी नही करते उतना तुम से।"

"मैं प्रारम्भ से लेकर अन्त तक सरल हूँ। बोलाने पर बोलती हूँ और जब कभी भी बोलती हूँ बहुत मीठा बोलती हूँ। प श्रीकृष्ण मुझ पर अत्यधिक प्रसन्न हैं।" बांसुरी का प्रत्युत्तर था।

बांसुरी का यह उत्तर ध्वनित करता है कि वास्तव में ब बोलना अपना महत्व घटाना नहीं, बल्कि बढ़ाना है। कई निक मानव व्यर्थ की धनर्गल बातें किया करते हैं। कोई उन्हें पूछते भी नही, फिर भी बकते रहते हैं। कवि ने कहा—

"तेल नही ताकथा नही, काटती फिरे पूआ।
गिने नही माने नही, हैं लाड़ारी भूआ॥

कामोत्तेजक हो, क्रोधोत्पन्न करने वाला हो, भूलकर भी उसे स्वीकार न करें। क्योंकि नीति स्पष्ट कहती है कि—

"जैसा खावे अन्न, वैसा रहे मन।
जैसा पीवे पानी, वैसी रहे वाणी॥"

साधक के लिए हितकर, मित, प्रमाणयुक्त, भक्ष्य, सात्विक एवं पवित्र भोजन ही ग्राह्य है।

किन्तु आज हम खान पान के सयम को प्रायः भूल सा गये हैं। अस्पतालों मे जाकर निरीक्षण करेंगे तो हमें अत्यधिक मरीज जिह्वा के असयमी मिलेंगे। आज का मानव भक्ष्याभक्ष्य तथा पेयापेय से को परहेज कुछ नही करता। वह अंडे खाने में पाप नही मानता, शरा से घृणा नही करता, मास-मछली तो आज के अधिकाश मानव के दैनिक खुराक ही बनती जा रही है।

आज के मानव का पेट लेटर-बॉक्स बन गया है। सुबह से शाम तक मुँह की चक्की चलती ही रहती है। आहार विशुद्धता व कमी व अमर्यादित आहार सेवन व्याधियों के लिए खुला आमन्त्र है। कारण खान पान की निरकुशता पेट को विकृत करती है। पे की खराबी से—बुखार, जुखाम, सिरदर्द, पेट दर्द, गैस, चक्कर, पि और कै आदि विभिन्न प्रकार के रोगों का आक्रमण तन को आक्रा कर लेता है। सत्य है कि भूखे रहकर जितने लोग बीमार नही हो उनसे ज्यादा खाकर। तन की विकृति धीरे-धीरे मन को भी विकृ बनाती है। अतः आहार-शुद्धि हर दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है।

रसना के वशवर्ती साधु और श्रावक दोनों भोगियों की गण में गिने जा सकते हैं। कवि की भाषा में—

"भोगी इन्द्री तीन है घनरस फरस बखान।
तीन मे रस इन्द्री अधिक, जीतन दुष्कर जान।
जीतन दुष्कर जान, कही श्री वीर जिनेश्वर।
रस इन्द्री के काज दुःख को सहत विविध पर।

कामोत्तेजक हो, क्रोधोत्पन्न करने वाला हो, भूलकर भी उसे स्वीक न करें। क्योकि नीति स्पष्ट कहती है कि—

"जैसा खावे अन्न, वैसा रहे मन।
जैसा पीवे पानी, वैसी रहे वाणी॥"

साधक के लिए हितकर, मित, प्रमाणयुक्त, भक्ष्य, सात्वि एवं पवित्र भोजन ही ग्राह्य है।

किन्तु आज हम खान पान के सयम को प्रायः भूल सा गये हैं अस्पतालो मे जाकर निरीक्षण करेंगे तो हमें अत्यधिक मरीज जिह के असयमी मिलेगे। आज का मानव भक्ष्याभक्ष्य तथा पेयापेय से क परहेज कुछ नही करता। वह अंडे खाने में पाप नही मानता, शरा से घृणा नही करता, मास-मछली तो आज के अधिकाश मानव दैनिक खुराक ही बनती जा रही है।

आज के मानव का पेट लेटर-बॉक्स बन गया है। सुबह शाम तक मुँह की चक्की चलती ही रहती है। आहार विशुद्धता कमी व अमर्यादित आहार सेवन व्याधियों के लिए खुला आमन्त्र है। कारण खान पान की निरकुशता पेट को विकृत करती है। की खराबी से—बुखार, जुखाम, सिरदर्द, पेट दर्द, गैस, चक्कर, ि और कै आदि विभिन्न प्रकार के रोगों का आक्रमण तन को आक्रा कर लेता है। सत्य है कि भूखे रहकर जितने लोग बीमार नही ह उनसे ज्यादा खाकर। तन की विकृति धीरे-धीरे मन को भी वि बनाती है। अतः आहार-शुद्धि हर दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है।

रसना के वशवर्ती साधु और श्रावक दोनों भोगियों की गए में गिने जा सकते हैं। कवि की भाषा में—

"भोगी इन्द्री तीन है घनरस फरस बखान।
तीन मे रस इन्द्री अधिक, जीतन दुष्कर जान।
जीतन दुष्कर जान, कही श्री वीर जिनेश्वर।
रस इन्द्री के काज दुःख को सहत विविध पर।

मन से दूसरों की भलाई का चिन्तन करें। वाणी से भगवद् गुण स्तवन करें और तन से दीन-दुःखी, गरीब रोगी की सेवा मे रत रहे यतना से काम करे। इस प्रकार करने से ये तीन योग उच्छ्‌ख-लता पैदा नही करेगे और उद्दंडता के अभाव में अपना और जगत् का इष्ट साधन करने मे सफल सिद्ध होगे। अतः इन योगों पर हमेशा नियन्त्रण रखना अत्यावश्यक है।

इन तीनों के पश्चात् आती है आत्म विजय। आत्म विजय ही वस्तुत सच्ची विजय है। आत्म विजय करने वाला व्यक्ति ही सच्चा विजेता कहलाता है। ससार भले ही रावण को विराट पुरुष मानता हो, कस की धमकियो को ही सब कुछ समझता हो, नेपोलियन को ही महान् पुरुष स्वीकार करता हो किन्तु हमारे यहाँ तो सच्चा महावीर वही कहलाता है जिसने आत्म विजय किया है। तलवारो से हजारो का खून बहाने वाला वीर नही है किन्तु सच्चा वीर आत्म विजेता है।

शास्त्रकारों ने स्पष्ट बताया है—

"सयम और तप के द्वारा आत्मा का दमन ही श्रेयस्कर है किन्तु कथ और कथनो के माध्यम से दूसरो के द्वारा निग्रह करावाया जाना अच्छा नही है।"[१]

इस विषय में अग्रेजी के विद्वान का निम्न कथन भी द्रष्टव्य है—

'जो आत्म दमन नही करता, वह दूसरो के द्वारा वध और बन्धन आदि उपायो से दमन किया जाता है।"[२]

१—वरंमे अप्पादन्तो, सजमेण तवेण य
माह परेहि दम्मतो, बंधणेहि वहेहिव
(उ० अ० १ गा० १६)

२—The soul is in fact very difficult be subdued
दी सॉल इज इन फेक्ट वेरी डिफिकल्ट बी सब्डूड।

मन से दूसरों की भलाई का चिन्तन करें। वाणी से भगवद् गुण स्तवन करें और तन से दीन-दुःखी, गरीब रोगी की सेवा मे रत रहे यतना से काम करे। इस प्रकार करने से ये तीन योग उच्छृंखलता पैदा नही करेगे और उद्दंडता के अभाव में अपना और जगत् का इप्ट साधन करने मे सफल सिद्ध होगे। अतः इन योगों पर हमेशा नियन्त्रण रखना अत्यावश्यक है।

इन तीनों के पश्चात् आती है आत्म विजय। आत्म विजय ही वस्तुत सच्ची विजय है। आत्म विजय करने वाला व्यक्ति ही सच्चा विजेता कहलाता है। ससार भले ही रावण को विराट पुरुष मानता हो, कस की धमकियो को ही सब कुछ समझता हो, नेपोलियन को ही महान् पुरुष स्वीकार करता हो किन्तु हमारे यहाँ तो सच्चा महावीर वही कहलाता है जिसने आत्म विजय किया है। तलवारो से हजारो का खून बहाने वाला वीर नही है किन्तु सच्चा वीर आत्म विजेता है।

शास्त्रकारों ने स्पष्ट बताया है—

"सयम और तप के द्वारा आत्मा का दमन ही श्रेयस्कर है किन्तु कष्ट और कथनो के माध्यम से दूसरो के द्वारा निग्रह करावाया जाना अच्छा नही है।"[1]

इस विषय में अग्रेजी के विद्वान का निम्न कथन भी द्रष्टव्य है—

'जो आत्म दमन नही करता, वह दूसरो के द्वारा वध और बन्धन आदि उपायों मे दमन किया जाता है।"[2]

१—वरंमे अप्पादन्तो, सजमेण तवेण य
माह परेहिं दम्मनो, बंधरोहिं वहेहिव
(उ० अ० १ गा० १६)

२—The soul is in fact very difficult be subdued
दी सॉल इज इन फेक्ट वेरी डिफिकल्ट बी सब्डयूड।

सयम के महत्त्व को प्रकाशित करते हुए पूर्वधर आचार्य शंय्यभव ने मनक शिष्य को उपदेश देते हुए कहा—.

"अहिंसा संजमो तवो ।" (द० अ० १ गा० १)

अर्थात् अहिंसा सयम और तप उत्कृष्ट धर्म है ।

सयम के अभाव मे इस जीवात्मा को महान् कटु फल भोगने पडते हैं । यह प्रसंग इस निम्नोक्त उदाहरण से सुस्पष्ट है—

मारणान्तिक व्याधिग्रस्त किसी राजा को रोग से उन्मुक्त करने के उद्देश्य से एक सुयोग्य वैद्य ने आम्र फल सेवन न करने की युक्ति बताई ।

"तथास्तु ।" राजा का प्रत्युत्तर था । क्योंकि राजा को अपना जीवन प्रिय था और इस नियम के बिना जीवित रहने का कोई दूसरा विकल्प ही नही था ।

दिन व महिने गुजरते गये, किन्तु आम्रफल की तरफ राजा का ध्यान ही नही पहुंचा ।

अब तो राजा पूर्ण स्वस्थ एवं नीरोग था ।

"मन्त्रीवर । कहीं घूमने चलें । मन नहीं लगता है," राजा ने मंत्री से कहा ।

"चलिए सहर्ष चले ।" मन्त्री का विनम्र उत्तर था ।

अब तो दोनो निकल पडे । मनोविनोद करते किसी फल-फूलो स सुसज्जित वाटिका की तरफ से गुजरे ।

आम्रफल देखते ही राजा के मुँह में पानी भर आया ।

"मन्त्रीवर ! मैं आम खाऊँगा । अवश्य खाऊँगा ।"

नृपति का कथन था ।

'नहीं नरेन्द्र । मैं कभी नही खाने दूंगा । आम्रफल आपके लिए घातक है । निषिद्ध पदार्थ तो भयकर विष है । इस द्रव्य को खाकर मृत्यु को आमन्त्रित करना है ।

सयम के महत्त्व को प्रकाशित करते हुए पूर्वधर आचार्य शंय्यभव ने मनक शिष्य को उपदेश देते हुए कहा—.

"अहिंसा संजमो तवो ।" (द० अ० १ आ० १)

अर्थात् अहिंसा सयम और तप उत्कृष्ट धर्म है ।

सयम के अभाव मे इस जीवात्मा को महान् कटु फल भोगने पडते हैं । यह प्रसंग इस निम्नोक्त उदाहरण से सुस्पष्ट है—

